Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to include Kushi Nagar Parliamentary Constituency under Swadesh Darshan Scheme.

श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर): माननीय सभापति जी, कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र बौद्ध सर्किट एरिया है । महात्मा बुद्ध की परिनिर्वाण भूमि होने के कारण प्रतिवर्ष दर्जनों देशों के बौद्ध तीर्थयात्री यहाँ दर्शन के लिए लाखों की संख्या में आते हैं । कुशीनगर के बौद्ध सर्किट एरिया को दुनिया के बुद्धिष्ट देशों से जोड़ने के लिए और यहाँ के पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए ही हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी ने कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कराया है । बौद्ध सर्किट एरिया से लगे क्षेत्र में आज भी पर्यटन विकास के लिए 195 एकड़ भूमि खाली पड़ी है जिस पर बहुत-सी परियोजनाएं केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय में लंबित हैं । पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन योजना की गाइडलाइन को रीवाइज करते हुए स्वदेश दर्शन 2.0 हेतु नई गाइडलाइन जारी की गई है । मैं पर्यटन मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र को स्वदेश दर्शन स्कीम 2.0 में सम्मिलित करने का कष्ट करें । जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के भी अवसर मिलेंगे और पर्यटन के क्षेत्र में कुशीनगर का अंतराष्ट्रीय स्तर पर विकास किया जा सके ।